अतिथि व्याख्यान

भारतीय संसदीय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को विद्यार्थी जाने इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिनांक 28.09.2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र फ़ोरम के अंतर्गत “ भारत में संसदीय प्रणाली “ विषय पर अतिथि व्याख्यान कराया गया । अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से महाविद्यालय में समय-समय पर अनेक कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए कराए जाते हैं । इसी श्रृंखला में यह व्याख्यान आयोजित किया गया । यह व्याख्यान मुख्य वक्ता श्री देवराज सिंह, सहायक प्रोफ़ेसर, गार्गी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया । प्रवक्ता महोदय का स्वागत राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा ड़ा. रितु ने किया । मुख्य वक्ता ने बताया भारत में लोकतंत्रिय व्यवस्था का संचालन संसदीय प्रणाली पर आधारित है । इसमें कार्यपालिका पर जनप्रतिनिधियों द्वारा नियंत्रण स्थापित किया जाता हैं । राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा, राज्यसभा और राज्यों में विधानसभा व कुछ राज्यों में विधानपरिषद के संगठन व उनके कार्य के बारे में बताया । उन्होंने शासन प्रणाली के प्रकार, सरकार कैसे कार्य करती है, व्यवस्थापिका की भूमिका और संसदीय व्यवस्था की पूर्ण प्रक्रिया विस्तारपूर्वक विद्यार्थियों से साँझा की । अंत में विद्यार्थियों ने इससे सम्बंधित प्रश्न पूछे । इस कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रोफ़ेसर उदिता कुंडू ने किया । इस कार्यक्रम में 84 छात्राएं उपस्थित रही।